(a) if so, whether Government propose to cancel the contract and save the corporation from loss;

(b) whether it is a fact that Neyveli Corporation had earned 900 crores profit in 1993 and the profit goes up year after years; and

(c) if so, why the 8th mine is given to an allegedly bankrupt American Company whose cheques are dishonoured in their country itself and what action Government propose to take in this regard ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJTT KUMAR PANJA): (a) No such authentic information has come to Government's notice.

(b) Other than a Memorandum of Understanding, no contract has been concluded as yet with the Company. The Company is yet to invest and, therefore, the question of loss does not arise.

(c) Neyveli Lignite Corporation Ltd. earned a profit of Rs. 80.69 crores during 1992-93 and expects to earn profit during 1993-94 also.

(d) The Zero Unit project of NLC Ltd. was sanctioned by the Government of India in March, 1989 to be implemented by NLC itself. However, due to resource constraints and in pursuance of Government of India's policy for private sector participation in generation of electricity, this project is planned to be implemented by M/s ST-CMS Electric Company of U.S.A.

कोल इंडिया लिमिटेड की धोवनशालाओं का आधुनिकीकरण

3628. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोल इंडिया लिमिटेड की उन धोवनशालाओं की संख्या कितनी है जो अप्रचलित हो गई हैं और जिनके आधुनिकीकरण की आवश्यकता है ; और

(ख) इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि अपेक्षित है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) वर्तमान में कोल इंडिया लि० के अंतर्गत विद्यमान 15 वाशरियां कार्य कर रही हैं। एक तकनीकी समिति के अनुसार विद्यमान वाशरियों में 10 आधुनिकीकरण के लिए विनिर्दिष्ट की गई थीं जो कि क्षमता उपयोग के साथ-साथ धुले हुए कोयले की गुणवत्ता को सुधारने की दृष्टि से की गई थीं। कोल इंडिया लि० ने यह संकेत दिया है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992—97) की अवधि के दौरान विद्यमान वाशरियों को प्रोन्नत करने/आधुनिकीकरण किए जाने के लिए 179.10 करोड़ रुपए की राशि की आवश्यकता होगी।

खुले मुहाने वाली खानों के लिए खरीदे गए उपकरणों का उपयोग

3629. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न खुले मुहाने वाली खानों में कोयले के खनन हेतु खरीदे गए उपकरणों का समुचित उपयोग किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) इन उपकरणों के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(घ) खुले मुहाने वाली खानों की तुलना में भूमिगत खानों का पर्यावरण